BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 19 मार्च, 2025 **थाना सलेमपुर**

गैर इरादतन हत्या की घटना में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 18.03.2025 थाना सलेमपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना सलेमपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चिट्टा निवासी सबील की पुत्री आयशा का अपने भाई आसिफ व आशिक से विवाद हो गया जिसमें आयशा की मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी चिट्टा की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलेमपुर पर मुअसं- 80/25 धारा 105 बीएनएस बनाम आसिफ व आशिक उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 19.03.2025 को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त आसिफ व आशिक को ग्राम चिट्टा स्कूल के पास बम्बे की पटरी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना सलेमपुर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- आसिफ पुत्र सबील निवासी ग्राम चिट्टा थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

2- आशिक पुत्र सबील निवासी उपरोक्त।

घटना का विवरणः- अभियुक्त आसिफ व आशिक ने पूछताछ पर बताया कि उनकी बहन आयशा का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग के चलते लगभग 15 दिन पहले अपने पति से तलाक हो गया था तथा आयशा वर्तमान में अपने भाईयों के साथ ही रह रही थी। दिनांक 17/18.03.2025 की रात्रि में इसी बात को लेकर आयशा व उसके भाईयों के मध्य विवाद हुआ जिसमें आयशा की मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री लोकेश अग्निहोत्री थाना प्रभारी सलेमपुर
2. व0उ0नि0 विजय कुमार यादव
3. है0का0 गुलफाम, का0 सतेन्द्र

मीडिया सेल बुलंदशहर